पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)
——————

राज्यपाल से मिले प्रगतिशील कृषक

जनहित में होती है प्राकृतिक खेती
—आनंदीबेन पटेल

——————

लखनऊ 30 अगस्त, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से आज राजभवन में औंग मलवा, जनपद फतेहपुर के प्रगतिशील किसानों ने शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने किसानों से प्राकृतिक खेती से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा प्राकृतिक खेती जनता के स्वास्थ्य से जुड़ी है। ये जनहित में होती है। रासायनिक उपयोग से किसान कम भूमि में अधिक उत्पाद प्राप्त कर सकता है, जबकि प्राकृतिक खेती से उतना उत्पादन नहीं होता। किसान अधिक कम लाभ प्राप्त होने पर भी जनहित में प्राकृतिक खेती करता है।

किसानों के साथ आयीं डा0 अल्का कटियार राज्यपाल जी को पोषण सुरक्षा हेतु पोषण वाटिका, मोटे अनाज (सुपर फूड), पर एफ0पी0ओ0 सीड हब, शहद उत्पादन, निमेटोड के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। प्रगतिशील किसानों से चर्चा के दौरान जनपद फतेहपुर में सह—फसली फसलों एवं शहद उत्पादन, पोषण वाटिका, नर्सरी में महिलाओं द्वारा किये गये उल्लेखनीय कार्यों के अवलोकन हेतु आमंत्रित किया।

जनपद फतेहपुर में सुपर फूड के उत्पादन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले प्रगतिशील कृषक श्री राम सिंह पटेल ने स्वयं निर्मित फसली मॉडल में उगाए गए जैविक उत्पादों जैसे—लहसुन, प्याज, परवल, हल्दी और हरी प्याज की नर्सरी राज्यपाल जी के अवलोकनार्थ प्रस्तुत की।

प्रगतिशील महिला किसान श्रीमती कांति देवी से राज्यपाल जी ने खरीफ प्याज की नर्सरी पर विशेष चर्चा की तथा विशेषज्ञ श्री शैलेंद्र सिंह ने जैविक गन्ना वैरायटी 8436 के गुणों के बारे में व ड्रिप स्प्रिंकलर, डॉक्टर रवीश कटियार मॉलिक्यूलर साइंटिस्ट ने विज्ञान में उन्नत मॉलिक्यूलर तकनीकी के प्रभावों पर जानकारी की।

राज्यपाल जी ने भेंट करने आयीं महिला कृषकों को साड़ी तथा साथ में आए सभी कृषकों को पुस्तक भेंट की। इस अवसर पर श्री शैलेंद्र सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र थरियांव फतेहपुर के फसल सुरक्षा वैज्ञानिक डॉक्टर जगदीश किशोर एवं अन्य कृषक भी उपस्थित थे।

———————

चन्द्र विजय वर्मा—सूचना अधिकारी/राजभवन (81/81)

सम्पर्क सूत्र 9044381834